# 4




# बिंदिया की दुकान

9DVPNF



बिंदिया के पिताजी ने इस बार भी मिट्टी के दीये और मोमबत्ती की दुकान लगाई है। रवि और रोली, बिंदिया की दुकान पर गए। बिंदिया सुबह से ही पिताजी की मदद कर रही थी। रवि और रोली भी उनकी मदद करने के लिए डलिया से दीयों को निकाल कर 100–100 की ढेरी लगाने लगे। बिंदिया ने 10–10 मोमबत्तियों के पैकेट एक पंक्ति में लगाए। बिंदिया ने बताया– पिताजी मैंने 10–10 मोमबत्ती के 9 पैकेट रख दिए हैं। पिताजी ने 5 खुली मोमबत्तियाँ देते हुए कहा– इन्हें भी वहीं रख दो।



अच्छा तुम बताओ, कुल कितनी मोमबत्तियाँ है ?

देखो– 10–10 के 9 पैकेट मोमबत्ती = 9 दहाइयाँ = 90

5 खुली मोमबत्तियाँ = 5 इकाइयाँ = + 5

कुल मोमबत्तियाँ = 95

रोली ने बिंदिया के पिताजी से पूछा –चाचा जी 100–100 दीये की 5 ढेरियाँ हो गई हैं। कुछ दीये अभी बाकी है। जवाब में पिताजी ने कहा अब 10–10 की ढेरियाँ आगे लगा दो। 10–10 की तीन ढेरिया लगाने के बाद रोली ने देखा कि 7 दीये बच गए, अब इनका क्या करें? वह सोचने लगी। तभी बिंदिया के पिताजी ने पूछा– बेटा कितने दीये हो गए ?

➤ तुम बताओ, कितने दीये होंगे ?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| देखो – | 100 दीयों की 5 ढेरियाँ | = 5 सैकड़े | = | 500 |
| | 10 दीयों की 3 ढेरियाँ | = 3 दहाइयाँ | = | 30 |
| | 7 अलग रखे दीये | = 7 इकाइयाँ | = | + 7 |
| | कुल दीये | | = | 537 |

**इसे ऐसे भी लिखते हैं–**

5 सैकड़े + 3 दहाइयाँ + 7 इकाइयाँ = 500+30+7 = 537

उसी समय एक आदमी मोमबत्ती खरीदने आया। उसने 2 पैकेट और 1 खुली मोमबत्ती खरीदी। पिताजी ने बिंदिया से पूछा– अब कितनी मोमबत्तियाँ बचीं ?

बिंदिया ने बताया– 7 पैकेट और 4 खुली मोमबत्तियाँ बचीं हैं।

देखो बिंदिया ने कैसे जाना –

| पैकेट(द0) | खुली(इ0) |
|---|---|
| 9 | 5 |
| – 2 | 1 |
| 7 | 4 |

बची मोमबत्तियाँ –7 दहाइयाँ व 4 इकाइयाँ या 74

तभी रवि बोला– मेरी माँ ने भी 26 मोमबत्तियाँ मँगाई हैं।

बिंदिया सोचने लगी 26 मोमबत्तियाँ कैसे दूँ? खुली मोमबत्तियाँ 4 ही हैं और चाहिए 6।

**तुम बिंदिया की मदद करो–**

देखो– मोमबत्ती का 1 पैकेट खोलना पड़ेगा। अब खुली मोमबत्तियाँ हो जाएँगी 10+4= 14 और पैकेट 6। अब बिंदिया आसानी से 2 पैकेट व 6 खुली मोमबत्तियाँ दे देगी।

पिताजी ने पूछा–अब कितनी मोमबत्तियाँ बचीं ?

बिंदिया ने हिसाब लगाया–

| द0 | इ0 | | द0 | इ0 | | द0 | इ0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (6) | (14) | | (6) | (14) | | (6) | |
| 7 | 4 | → | 7 | 4 | → | 7 | 4 |
| – 2 | 6 | | – 2 | 6 | | – 2 | 6 |
| | | | | 8 | | 4 | 8 |

बची मोमबत्तियाँ– 4 दहाइयाँ व 8 इकाइयाँ या 48

एक दूसरा ग्राहक दीये खरीदने आया। उसने 100 दीयों की तीन ढेरियाँ, 10 की दो ढेरियाँ और 5 दीये माँगे। अब बिंदिया के पिताजी ने रोली से पूछा– बेटी, अब जरा गिनकर बताओ कितने दीये बचे ?

➤ सोचो ! कितने दीये बचे होंगे ? देखो –

सौ–सौ दीयों की 5 ढेरियाँ थीं। 3 ढेरियाँ बिक गई।

शेष बचीं 2 ढेरियाँ

5 सैकड़े – 3 सैकड़े = 2 सैकड़े या 500 – 300 = 200

10 दीयों की 3 ढेरियाँ थीं, बिक गई 2,

शेष बची 1 ढेरी।

3 दहाइयाँ–2 दहाइयाँ = 1 दहाई या 30–20 = 10

अलग दीये थे 7, बिक गए 5, शेष बचे 7–5 = 2

| | | |
|---|---|---|
| ऐसे भी देखो– | दुकान में दीये थे– | 5 सै0+3 द0+7 इ0 |
| | दीये बिक गए – | – 3 सै0+2 द0+5 इ0 |
| | शेष बचे– | 2 सै0+1 द0+2 इ0 |

2 सैकड़े+1 दहाई+2 इकाइयाँ = 212

### देखो और समझो

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अब 100–100 दीयों की 2 ढेरियाँ हैं | : | 2 सैकड़े | = | 200 |
| 10 दीयों की 1 ढेरी है। | : | 1 दहाई | = | 10 |
| अलग दीये हैं 2 | : | 2 इकाइयाँ | = | 2 |
| तो कुल दीये | | | = | 212 |

एक और ग्राहक दुकान पर दीये खरीदने आया। उसने कुल 105 दीये खरीदे। दुकान पर कितने दीये बचे ?

आओ करके देखें–

| | | | सै0 | द0 | इ0 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (0) | (12) |
| दुकान में कुल दिये | 2 सै0 +1 द0 +2 इ0 | | 2 | 1 | 2 |
| बिके दीये | –1 सै0 +0 द0 +5 इ0 | या | – 1 | 0 | 5 |
| बचे दीये | 1 सै0 +0 द0 +7 इ0 | | 1 | 0 | 7 |

बचे दीये– 107

### अब तुम भी करो–

```
  9  7  5
– 5  6  7
---------

---------
```



## हमने सीखा



- पहले इकाई को इकाई से घटाते हैं। यदि नहीं घटता है तो दहाई से 1 दहाई उधार लेते हैं और फिर घटाते हैं। फिर शेष दहाई को, दहाई से घटाते हैं। इसके बाद सैकड़े को घटाते हैं।

- घटाते समय उधार लेने की अवधारणा को बंडल व तीलियों की सहायता से स्पष्ट करें।

## अभ्यास 

1. घटाओ –

| दo | इo |
|---|---|
| 5 | 8 |
| − 2 | 7 |
| | |

| दo | इo |
|---|---|
| 7 | 3 |
| − 5 | 4 |
| | |

| दo | इo |
|---|---|
| 8 | 2 |
| − 6 | 6 |
| | |

| सैo | दo | इo |
|---|---|---|
| 9 | 8 | 5 |
| − 8 | 4 | 3 |
| | | |

| सैo | दo | इo |
|---|---|---|
| 7 | 7 | 4 |
| − 5 | 8 | 6 |
| | | |

| सैo | दo | इo |
|---|---|---|
| 8 | 6 | 0 |
| − 5 | 7 | 4 |
| | | |

2. खाली जगह भरो–

| | | |
|---|---|---|
| 9 | 7 | □ |
| −5 | □ | 4 |
| □ | 8 | 4 |

3. कुश के पास 32 टॉफी हैं। उसने रौनक को 14 टॉफी दे दीं। कुश के पास कितनी टॉफी बचीं ?
4. एक विद्यालय में 275 बच्चे हैं। इनमें 132 लड़कियाँ हैं। बताओ लड़के कितने हैं ?
5. एक दुकानदार के पास 342 पतंगें हैं। 185 पतंगें बिक गईं। दुकानदार के पास कितनी पतंगें बचीं ?

## कितना सीखा ?

1. संख्याओं को अंकों में लिखो –

   क. नवासी   ख. उन्यासी   ग. उनहत्तर   घ. आठ सौ

2. संख्याओं को शब्दों में लिखो –

   क. 19   ख. 59   ग. 139

   घ. 267   च. 101   छ. 999

3. संख्याओं को विस्तारित रूप में लिखो –

   क. 45   ख. 37   ग. 98

   घ. 119   च. 666

4. 238 में 2, 3 तथा 8 का स्थानीय मान बताओ।
5. बड़े या छोटे (> या <) का निशान लगाओ –

   729 ... 629   601 ... 610   74 ... 80

6. पूरा करो –

| | | |
|---|---|---|
| 2 ... | ... 3 6 | 5 3 ... |
| + ... 2 | + 5 1 ... | − 1 ... 4 |
| 9 8 | 8 ... 1 | ... 1 8 |

7. 68 सेब में और कितने सेब मिला दिए जाएँ कि कुल 88 सेब हो जाएँ ?
8. राजू के पास 39 भेड़ें तथा 51 बकरियाँ हैं। उसके पास कुल कितने जानवर हैं ?